मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन

ताइवान में आयोजित पोल वॉल्ट प्रतियोगिता में देव कुमार मीणा व नितिका अकारे ने जीते पदक

भोपाल, 22 मार्च 2026

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने ताइवान के नानटौ स्थित सन मून लेक में आयोजित Nantou Sun Moon Lake International Pole Vault Invitational 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया।

अकादमी के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक एथलीट देव कुमार मीणा ने प्रतियोगिता में 5.40 मीटर की शानदार छलांग लगाकर कांस्य पदक अर्जित किया और एक बार फिर अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। यह इस सीजन की उनकी दूसरी प्रतियोगिता थी, इससे पहले उन्होंने 5.25 मीटर की छलांग लगाई थी। उनके इस प्रदर्शन के आधार पर वे पहले ही कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं।

इसी प्रतियोगिता में अकादमी की खिलाड़ी नितिका अकारे ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3.95 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

एशियन गेम्स क्वालिफिकेशन की ओर नजर

एशियन गेम्स 2026 के लिए पोल वॉल्ट का क्वालिफिकेशन मार्क 5.45 मीटर निर्धारित है। अब तक कोई भी भारतीय पुरुष पोल वॉल्टर इस मानक को हासिल नहीं कर पाया है। देव कुमार मीणा का प्रदर्शन इस लक्ष्य के बेहद करीब है और उनसे आगामी प्रतियोगिताओं में इस उपलब्धि को हासिल करने की उम्मीद है।

प्रदेश के लिए गौरव का क्षण

खिलाड़ियों की यह उपलब्धि मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं अकादमी में उपलब्ध उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का परिणाम है। इन सफलताओं से प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिल रही है और मध्यप्रदेश एथलेटिक्स के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है।

投日月潭國際撐
tou Sun
nationa
TPE

2026
Sun Mo
ake
ult Invita
南投縣政府
縣體育會
南投縣體育會
級商工職業學校
魚池鄉公所、台灣